संख्या 12016/08/2026-रा.भा.(का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-2
भवन, जय सिंह रोड नई दिल्ली,
दिनांक : 29.07.2026

## <u>कार्यालय ज्ञापन</u>

**विषय : हिंदी दिवस-2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के लिए प्रतीक चिह्न - लोगो (Logo) बनाने हेतु आयोजित प्रतियोगिता परिणाम के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 सितंबर, 2026 को मुंबई (महाराष्ट्र) में हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी करेंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु 'प्रतीक चिह्न' बनने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से हिंदी से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा अपने द्वारा निर्मित 'लोगो' विभाग को भेजे। चयन समिति द्वारा केवल तीन लोगो (प्रतीक चिह्न) को पुरस्कार के लिए उपयुक्त पाया गया।

3. उल्लेखनीय है कि 'लोगो' हेतु गठित चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से **श्री नगेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक**, केन्द्रीय कार्यालय, चेन्ने द्वारा निर्मित लोगो (प्रतीक चिन्ह) का चयन **प्रथम स्थान** के लिए किया गया। साथ ही चयनित 'लोगो' का प्रयोग मुंबई (महाराष्ट्र) सम्मेलन के दौरान किया जाएगा।

4. चयन समिति द्वारा **द्वितीय स्थान के लिए सुश्री लकी सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी**, **क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय,** लखनऊ तथा **तृतीय स्थान के लिए सुश्री सुजाता राज्ञी, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), इंडियन बैंक**, लखनऊ का चयन किया गया।

5. उपरोक्त तीनों विजेताओं को हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, मुंबई (महाराष्ट्र) में सम्मानित किया जाएगा। अतः वे उक्त सम्मेलन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

(ले. कर्नल रामनरेश शर्मा)
निदेशक (का.)
दूरभाष:-23438143

प्रति:-

1. सभी 03 पुरस्कृत अधिकारी।
2. वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, एनआईसी को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाएं।

# 1

हिंदी दिवस एवं छठा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन

भाषाणां संरक्षणं संस्कृतेः संवर्धनम्

वंदे मातरम्

राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष

14 -15 सितंबर 2026, मुंबई (महाराष्ट्र)


हिंदी दिवस एवं छठा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन
14-15 सितंबर 2026
भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग
सिडको प्रदर्शन केंद्र,
मुंबई


हिन्दी दिवस
एवं
षष्ठ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, 2026
मुम्बई